चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ

Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/ 4186

दिनांक :- 20.01.2024

सेवा में,

01. सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान (जनपद–मेरठ)
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

02. समस्त विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष/निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ

विषयः– दिनांक 23.01.2024 को मानव श्रृंखला बनाये जाने से सम्बन्धित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय, मेरठ की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 18.01.2024 के क्रम में आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.01.2024 को मानवा श्रृंखला तथा रोड सेफ्टी से सम्बन्धित एक सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन शहीद स्मारक, विक्टोरिया पार्क, मेरठ में प्रातः 10:00 बजे से प्रस्तावित है। जिसके लिये स्थानीय प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में उच्च शिक्षा विभाग की तरफ से अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं को उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे कि मानव श्रृंखला के रूप में एक निर्धारित आकृति बनाकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया जा सके।

अतः अपने विभागों/संस्थानों/महाविद्यालयों से अधिक से अधिक छात्र/छात्राओं के साथ (विशेषकर एन0एस0एस0/एन0सी0सी0/स्काउट ग्राइड/रोवर रेन्जस, स्टाफ आदि) दिनांक 23.01.2024 को प्रातः 09:30 बजे तक प्रत्येक दशा में शहीद स्मारक, विक्टोरिया पार्क, मेरठ में उपस्थित होने का कष्ट करें, जिससे कि प्रशासन के उक्त कार्य में सहयोग प्रदान किया जा सके।

नोटः– कार्यक्रम से सम्बन्धित किसी भी जानकारी/सूचना हेतु श्री अमित नागर (7500445533) से सम्पर्क करें।

भवदीय,

20/01/2024

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रधान सहायक (सम्बद्धता)